प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **महाकुंभ 2025 से पहले प्रदेश सरकार राज्य के सभी 18 मंडलों में आयोजित करेगी कुंभ समिट : 8 अक्टूबर को लखनऊ से होगा शुभारम्भ।**
2. **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा की जीत पर दी बधाई : जम्मू कश्मीर में नेशनल काफ्रेंस गठबंधन को मिला बहुमत।**
3. **मालदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मुइज्जू ने अपनी पत्नी के साथ आज किया ताजमहल का दीदार : ताजमहल के इतिहास के बारे में हासिल की जानकारी।**

**और**

4. **सोलर लाइट लगाने में अयोध्या ने सऊदी अरब का रिकॉर्ड तोड़कर बनाया विश्व रिकॉर्ड : लगभग 10 किलोमीटर में लगाई 487 सोलर लाइट।**

---

**महाकुंभ 2025 को भव्य बनाने के लिये प्रदेश सरकार राज्य के सभी 18 मंडलों में कुंभ समिट करायेगी। इसका शुभारम्भ 8 अक्टूबर को लखनऊ से होगा, जबकि समापन 14 दिसम्बर को प्रयागराज में किया जायेगा। प्रदेश सरकार के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज लखनऊ में एक प्रेसवार्ता में कहा कि लोगों को कुंभ के महत्व से**

परिचित कराने और इसके प्रचार प्रसार के लिये पर्यटन और संस्कृति विभाग की तरफ से देश समेत विदेशों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंग। मंडलों में कुंभ से जुड़े रोड शो का आयोजन किया जाएगा। बाइट.......

*अपने विभाग की ओर से अलग–अलग जो हमारी अकादमियां है, संस्थान है अलग–अलग अलग जो प्रतिष्ठान है, उन सबको अलग–अलग जिम्मेदारियाँ देने का जिम्मा दिया गया है और इसी परिपेक्ष में हम लोग पूरे प्रदेश में कुंभ के जो रोड़–शो करेंगे, इसमें बाल, युवा कुंभ का आयोजन करेंगे, शक्ति कुंभ का आयोजन करेंगे, कला संस्कृति कुंभ का आयोजन करेंगे, कवि कुंभ का आयोजन करेंगे और भक्ति कुंभ का भी आयोजन सुनिश्चित करेंगे।*

———————

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 को लेकर स्वास्थ्य विभाग की तैयारी पर चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने नवंबर माह के अंत तक स्वास्थ्य विभाग के सभी प्रकार के सिविल वर्क पूरे करने के निर्देश दिए है। श्री पाठक ने बताया कि इस बार महाकुंभ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर से श्रद्धालु आने वाले हैं, जिसके मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। कुंभ क्षेत्र में एक नया 100 बेड का अस्पताल और हर सेक्टर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा। एंबुलेंस की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

———————

हरियाणा और जम्मू कश्मीर में हुए विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना का कार्य जारी है। हरियाणा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत हासिल किया है। अब तक मिले परिणामों के मुताबिक 90 विधानसभा सीटों में भाजपा को 42 सीटां पर जीत हासिल हुई है, जबकि 6 सीटों पर पार्टी आगे चल रही है। वहीं कांग्रेस ने 35 सीटें हासिल की हैं, 2 पर आगे चल रही है। हरियाणा में पार्टी की जीत पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने साशल पोस्ट में लिखा कि हरियाणा विधान सभा चुनाव–2024 में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई।

वहीं जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को जीत हासिल हुई है। 90 विधानसभा सीटों के लिए हुए चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 पर जीत हासिल की है। कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि भारतीय जनता पार्टी को 29 सीटें हासिल हुई हैं।

——————

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ0 मोहम्मद मुइज्जू अपनी पत्नी और प्रतिनिधिमंडल के साथ आज ताजमहल दखने के लिए आगरा पहुंचे। आगरा एयरपोर्ट पर ब्रज के कलाकारों ने मयूर नृत्य प्रस्तुत किया और हरियाणा के कलाकारों ने ढोल नगाड़ों से राष्ट्रपति का स्वागत किया। ताजमहल में

राष्ट्रपति दम्पत्ति ने फोटो सेशन करवाया और गाइड से ताजमहल के इतिहास और नक्काशी की जानकारी ली। इस दौरान ताजमहल में आम पर्यटकों क प्रवेश पर रोक रही। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट......

*विशेष विमान से आगरा एयरपोर्ट पहुंचे डॉ मोहम्मद मुइज्जू का उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में आगवानी करते हुए पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। राष्ट्रपति डॉ मो0 मुइज्जू और प्रतिनिधिमंडल का काफिला कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एयरपोर्ट से शिल्पग्राम परिसर पहुंचा, जहां से राष्ट्रपति डॉ मोहम्मद मुइज्जू,पत्नी साजिदा मोहम्मद प्रतिनिधिमंडल के साथ बैटरी चलित गोल्फकार्ट में सवार होकर ताजमहल पहुंचे। इस दौरान उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने राष्ट्रपति डॉ मो0 मुइज्जू को ताजमहल का प्रतीक चिन्ह भेंट किया। ताजमहल का दीदार करने के बाद राष्ट्रपति डॉ मो0 मुइज्जू, पत्नी साजिदा मो0 और प्रतिनिधिमंडल विशेष विमान द्वारा आगरा से मुंबई के लिए रवाना हो गया। सज्जन सागर आकाशवाणी समाचार, आगरा।*

———————

केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा पिछले दिनों पाली प्राकृत भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिये जाने के निर्णय का संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पाली विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर हर प्रसाद दीक्षित ने स्वागत किया है। प्रोफेसर दीक्षित ने आकाशवाणी से विशेष बातचीत में कहा कि पाली एक ऐसी भाषा है, जिसकी संपूर्ण भूमंडल में कोने–कोने पर टीका टिप्पणी मौजूद है। बाइट.......

*पाली एक ऐसी भाषा है जो संपूर्ण भूमंडल में उसके ग्रंथ है त्रिपिटक है उनकी आत्म कथाएं हैं, टीकाएँ हैं, काव्य ग्रंथ है, व्याकरण ग्रंथ है इत्यादि का अध्ययन अध्यापन चल रहा है और नए ग्रंथों का सृजन हो रहा है।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश के वन, पर्यावरण राज्य मंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने आज लखनऊ में पेड़ बचाओ अभियान की शुरुआत की। यह अभियान तीन महीने तक चलेगा। श्री सक्सेना ने लखनऊ में कुकरेल नदी के तट पर स्थित सौमित्र वन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगाए गए पेड़ों को पानी दिया और उनकी सुरक्षा के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बाइट........

*हम चाहते है पूरे प्रदेश में हमारे यहाँ जितने पेड़ लगाए गए हैं उनका विशेष ध्यान रखे इस बार के पेड़ माँ के नाम से लगाए गए है और माँ से दुनिया में दूसरी नहीं होती तो इन पेड़ की अच्छी देखभाल करना हमारी सबकी ड्यूटी है। सभी लोगों से जिन्होंने पेड़ लगाए है उनसे मैं आग्रह करता हूँ कि अपने पेड़ों को जरूर देखे तीन महीने का समय ये हमने पेड़ बचाव अभियान पे लगाने के लिए तय कर रखा है और इसमें हम प्रदेश के ज्यादातर जिलों में जाएँगे और देखेंगे हमारे पेड़ सही है या नहीं। सुरक्षित है*

*या नहीं को पानी मिल रहा है या नहीं जहाँ किसी कमी देखेंगे उसको दूर करेंगे।*

———————

प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज लखनऊ से 7 जनपदों के 12 गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। आगरा, शाहजहांपुर, उन्नाव में दो–दो, संभल में तीन और अमेठी, गोंडा व झांसी में एक–एक वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत निर्माण पूरा हो चुका है।

———————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने रामपुर रज़ा पुस्तकालय के स्थापना के 250 वर्ष पूरे होने पर शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल रामपुर रज़ा लाइब्रेरी की अध्यक्षा भी हैं। उन्होंने कहा कि ढाई सौ साल का सफर तय कर रामपुर रज़ा लाइब्रेरी देश का गौरव बनकर उभरी है। लाइब्रेरी की गौरवशाली यात्रा का जश्न मनाने के लिए 2 से 7 अक्टूबर तक सांस्कृतिक और साहित्यिक रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज्यपाल ने कहा कि रामपुर रज़ा लाइब्रेरी दक्षिण एशिया के खास पुस्तकालयों में से एक है। ये भारत की इस्लामिक शिक्षा और कला का खज़ाना है।

———————

अयोध्या ने 10.2 किलोमीटर में 487 सोलर लाइट लगाकर सऊदी अरब के 9 दशमलव शून्य सात किलोमीटर

**में 468 सोलर लाइटें लगाने के रिकार्ड को तोड़कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। और विवरण हमारे प्रतिनिधि से.....**

*10.2 किलोमीटर में 487 सोलर लाइट लगने से अयोध्या ने दीपोत्सव के बाद एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया है और गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज हो गया है। अयोध्या धाम के लक्ष्मण किला से लेकर गुप्तार घाट की निर्मली कुंड तक सोलर लाइट लगाए गए हैं, जिससे सरयू तट रात में जगमगा रहा हैं, जो अयोध्या के विकास की एक बड़ी पहचान भी बन गया है, जगमगाती रोशनी के बीच सरयू तट पर आवागमन सुलभ हो जाने से स्थानीय लोग गदगद और प्रसन्न है, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की घोषणा कर चुके हैं। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

———————

**शाहजहांपुर में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित बालक–बालिका वर्ग की 68वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालय तीन दिवसीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता–2024 का शुभांरम्भ किया। जिलाधिकारी द्वारा जलाई गयी मशाल को लेकर गत वर्ष के चार विजेताओं ने ट्रैक पर दौड़ लगाई। जिलाधिकारी ने खेल ध्वज फहराया और मार्च पास्ट का अभिवादन किया।**

**(समाप्त)**